सार-समाचार

सी.एम. के आने की सूचना से प्रशासन में हरकत

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 26 मार्च को बीकानेर आ सकते हैं। मुख्यमंत्री के आने की सूचना के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। दरअसल राजस्थान दिवस का कार्यक्रम इस बार बीकानेर में प्रस्तावित है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बीकानेर आ रहे हैं। जबकि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी उसी दिन बीकानेर में होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना के बाद जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिला स्तर के सभी अधिकारियों की मीटिंग रविवार सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट में रखी है। माना जा रहा है कि राजस्थान के कार्यक्रमों की पूरी श्रृंखला तैयार होगी। जिसमें एक दिन का कार्यक्रम बीकानेर में हो सकता है। राजस्थान दिवस तीस मार्च को हैं और मुख्यमंत्री की यात्रा 26 मार्च को हो रही है। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के अनेक विभागों के मंत्री भी बीकानेर आ सकते हैं। मुख्यमंत्री की यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम अभी तक बीकानेर नहीं आया है। माना जा रहा है कि वे एक दिन के लिए बीकानेर आयेंगे। उनके रात में बीकानेर रूकने के आसार नहीं है। इसके बाद भी सर्किट हाउस को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। अगले कुछ दिन तक अब सर्किट हाउस में सामान्य लोगों को कमरे नहीं मिलेंगे। मुख्यमंत्री के बीकानेर आगमन पर कई तरह की सौगातें भी बीकानेर को मिल सकती है। बीकानेर में रेलवे क्रॉसिंग समस्या के निदान के लिए अंडरब्रिज बनना है। इस संबंध में मुख्यमंत्री बड़ी घोषणा कर सकते हैं। इसी तरह म्यूजियम सर्किल पर ब्रिज बनाने के लिए महज एक करोड़ रुपए स्वीकृत हैं। इस पर भी मुख्यमंत्री कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं।

सांखला साहित्य-सम्मान से नवाजा

बीकानेर, (कासं)। हिन्दी-राजस्थानी के प्रसिद्ध साहित्यकार नरपत सिंह सांखला की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर सांखला साहित्य सदन में त्रिभाषा काव्य-गोष्ठी एवं नरपत सिंह सांखला साहित्य-सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार सम्मान-समारोह के तहत तीनों भाषाओं के रचनाकारों हुसैन ज़हीन, राजाराम स्वर्णकार एवं डॉ. कृष्णा आचार्य का समारोह के अध्यक्ष कमल रंगा एवं संस्था के संजय सांखला व कासिम बीकानेरी ने माला, शॉल, दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह, उपहार आदि अर्पित कर उनका नरपत सिंह सांखला साहित्य-सम्मान से नवाजा गया। संस्था के संस्थापक, समन्वयक, शिक्षाविद-कवि संजय सांखला ने बताया कि अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कमल रंगा ने कहा कि नई कविता सामाजिक यथार्थ तथा उसमें व्यक्ति की भूमिका को परखने का उपक्रम है। इसके कारण ही नई कविता और सामाजिक यथार्थ के बीच गहरा संबंध है। इस कसौटी पर आज की त्रिभाषा काव्य-गोष्ठी सकारात्मक पहल है। रंगा ने आगे कहा कि नई कविता की यथार्थवादी दृष्टि सिर्फ काल्पनिक-आदर्शवादी न होकर जटिल जीवन मूल्यों के साथ मानव की वेदना-संवेदना की सूक्ष्म पड़ताल करती है। आज तीन भाषाओं की रंगत को शब्द की संगत के साथ बुनियाद हुसैन ज़हीन, डॉ. कृष्णा आचार्य एवं राजाराम स्वर्णकार को सुनना एक सुखद पहलू रहा। संस्थान के सचिव वरिष्ठ शायर कासिम बीकानेरी ने इस अवसर पर कीर्तिशेष नरपत सिंह सांखला के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें बहुभाषी प्रतिभावान साहित्यकार बताते हुए कहा कि उन्होंने साहित्य के अलावा शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक भूमिका निभाई।

पुराने कोर्ट में सीवर चैम्बर जाम

बीकानेर, (कासं)। कचहरी परिसर में स्थित आरएए कोर्ट, एसडीएम कोर्ट और पुरानी कोर्ट परिसर में अन्य कई चैम्बर्स की स्थिति पिछले 5 वर्षों से भयावह बनी हुई है। आए दिन चौक हो जाते हैं तथा कईयों पर तो पिछले काफी वर्षों से ढक्कन भी नहीं लगे हैं। जिनसे रोजाना कचहरी परिसर में लगातार गंदगी निकलती है। इसके अतिरिक्त कचहरी परिसर के बाहर फोर्ट डिस्पेंसरी से लेकर एसबीआई बैंक की तरफ जाने वाली रोड पर स्थित सीवर काफी समय से चोक पड़े हैं। उन नालों की भी काफी समय से सफाई नहीं हुई है। इससे कोर्ट परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में काफी गंदगी रहती है। पिछले 3 वर्षों से बिना ढक्कन वाले चैम्बर्स में कई आमजन व अधिवक्ता गिर भी चुके हैं। बार एसोसिएशन बीकानेर के अध्यक्ष विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि सभी चैम्बर्स के आस-पास कोर्ट हैं तथा बड़े विभागों के कार्यालय हैं जिनमें एक कलेक्टर ऑफिस भी है। इसके बावजूद भी सफाई व सीवर चैम्बर्स की ये स्थिति दयनीय है। बार एसोसिएशन, बीकानेर के द्वारा बार-बार पिछले काफी वर्षों से नगर निगम, पीडब्लयूडी, कलेक्टर को पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं परन्तु आज तक सभी चैम्बर्स पूर्व की हालत में ही हैं। कोर्ट परिसर के नजदीक रिहायशी एरिया भी है तथा मच्छर व गंदगी से होने वाली बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। सीवर चैम्बर्स चौक होने पर गंदगी बाहर निकलने के बावजूद उनकी सफाई नहीं की जा रही हैं। इस गंदगी के बीच से ही आना जाना पड़ता है। नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण बीमारी फैलने का डर है।

सोनोग्राफी जांच 6 माह से बंद

नोखा, (कासं)। जिला अस्पताल में पिछले 6 महीने से सोनोग्राफी जांच की सुविधा बंद पड़ी है। इस मुद्दे को लेकर वार्ड पार्षद अंकित तोषनीवाल ने राजस्थान के चिकित्सा मंत्री को पत्र लिखा है। साथ ही उपखंड अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा है। अस्पताल में पहले सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध थी। लेकिन सितम्बर, 2024 में मशीन वाला कमरा ताला लगाकर बंद कर दिया गया है। इस वजह से नोखा तहसील के करीब 100 मरीज रोजाना निजी अस्पतालों में जांच कराने को मजबूर हैं। मरीजों को निजी अस्पतालों और लैब में भारी रकम खर्च करनी पड़ रही है। गांवों से आने वाले मरीजों को डॉक्टर सोनोग्राफी की सलाह देते हैं। लेकिन जब वे जांच के लिए जाते हैं, तो उन्हें यह सुविधा उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी जाती है। इससे मरीजों को निजी संस्थानों का रूख करना पड़ता है। यह आम नागरिकों की पहुंच से बाहर है। पार्षद तोषनीवाल ने अपने पत्र में मांग की है कि सोनोग्राफी सेवा को फिर से शुरू किया जाए। इससे राज्य सरकार की नि:शुल्क जांच योजना का फायदा मरीजों को मिल सकेगा। मरीजों को अन्य जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा और अतिरिक्त खर्च भी वहन नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले भी तोषनीवाल ने जिला अस्पताल में राज्य सरकार से मिली दो डायलिसिस मशीनों की सेवाएं शुरू करने के लिए चिकित्सा मंत्री को पत्र लिखा गया था।

रैली से दिया नशा न करने का संदेश

बीकानेर, (कासं)। यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत गोद लिए गांव कतरियासर में डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीछवाल, बीकानेर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शनिवार को स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार और ग्राम पंचायत कतरियासर के सरपंच संतोष देवी व उप-सरपंच केशूनाथ ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा विभिन्न सामाजिक समस्याओं की जड़ है। आज के युवाओं को इसकी लत से बचना चाहिए तथा नशा मुक्ति को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया। इस शिविर के आयोजन में सहायक आचार्य वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर डॉ. मैना कुमारी, डॉ. दिवाकर झुरिया, ग्राम विकास अधिकारी मिलन कुमार यादव तथा ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

23 ग्राम हेरोइन सहित सात गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के दो थानों की पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 23 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने एसपी अरशद अली के निर्देशन में विशेष अभियान के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पहले मामले में हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी से 15.66 ग्राम हेरोइन जब्त की। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान प्रदीप गोदारा (35), यतेन्द्र उर्फ अभिषेक (25), अमन (26) और अमन चौहान (26) के रूप में हुई है। सभी आरोपी हनुमानगढ़ जंक्शन के रहने वाले हैं। दूसरे मामले में नोहर पुलिस ने तीन लोगों को 7.5 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में असलम, मुबारक और मुस्ताक शामिल हैं। असलम और मुबारक रामसरा के रहने वाले हैं। जबकि मुस्ताक नोहर की सिंचाई कॉलोनी का निवासी है।

जैसलमेर रोड पर 15 दिन में हटेंगे अतिक्रमण

- एस.पी. ने कहा कि सर्विस लेन और राइट ऑफ वे पर अतिक्रमण हटाने को लेकर जरूरत के अनुसार पुलिस बल उपलब्ध करवा दिया जायेगा
- वैष्णो धाम मंदिर के पास और लूणकरनसर में सड़क हादसे रोकने के लिए बनेगा प्लान

बीकानेर,(कासं)। जैसलमेर की ओर जाने वाले मार्ग पर हुए अतिक्रमण अगले कुछ दिन में हटा दिए जायेंगे। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पिछले दिनों जैसलमेर रोड का दौरा करने के बाद अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, जिसकी पालना अब तक आधी-अधूरी है। ऐसे में अब फिर से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। अगले 15 दिन तक प्रशासन के अधिकारी खुद इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए सड़क पर उतरेंगे।

सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। कलेक्टर ने पिछले दिनों जैसलमेर रोड और उससे पहले जयपुर रोड पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ किए गए निरीक्षण और अब तक की गई कार्रवाई का रिव्यू किया। बैठक में एनएचएआई पीडी ने बताया- जैसलमेर रोड पर बनी सर्विस लेन और आरओडब्लयू (राइट ऑफ वे) पर अतिक्रमण आगामी 15 दिन में पुलिस बल के सहयोग से हटा दिए जायेंगे। नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से हटाई गई या खोली गई रैलिंग को भी बंद कर दिया जायेगा। नाल एयरफोर्स स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने रोड के दोनों तरफ 15 एमएम की रंबल स्ट्रिप लगाई जायेगी। नाल ओवरब्रिज के पास हुए एक्सीडेंट स्थल के समीप डिवाइडर को ठीक करने से लेकर पौधे लगाने तक के कार्य भी जल्द कर दिए जायेंगे। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने कहा कि सर्विस लेन और राइट ऑफ वे पर अतिक्रमण हटाने को लेकर जरूरत के अनुसार पुलिस बल उपलब्ध करवा दिया जायेगा। बैठक में आईआरईडी अधिकारी ने बताया कि जिले में जयपुर रोड़ पर वैष्णो धाम के पास और लूणकरनसर में एक्सीडेंट जोन बन रहा हैं। लिहाजा कलेक्टर ने वैष्णो धाम के पास जल्द से जल्द रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि लूणकरनसर में एक्सीडेंट जोन खत्म करने को लेकर प्लान बना लिया गया है।

बैठक में कलेक्टर ने पीडब्लयूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनएच से कनेक्ट होने वाले सभी सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। कलेक्टर ने कैमल फार्म चौराहे पर बीडीए की तरफ से हाई मास्क लाइट और साइनेज बोर्ड लगाने, हल्दीराम प्याऊ के आगे डी-मार्ट के सामने सड़क पर गाड़ी पार्क करने पर नगर निगम और यातायात पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हल्दीराम प्याऊ से नापासर की ओर जाने वाली सड़क के राइट ऑफ वे पर लगे होर्डिंग्स भी हटाने के निर्देश जिला कलेक्टर ने दिए। बैठक में पीडब्लयूडी एनएच एसई के नहीं आने पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि अगली बैठक में भी नहीं आये तो उन्हें चार्जशीट दी जायेगी। साथ ही कहा कि हल्दीराम प्याऊ से बीकानेर सीमा तक की सड़क पर आरओडब्लू पीडब्लयूडी एनएच के नाम नामांतरण करवाने को लेकर अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने उरमूल सर्कल को छोटा करने और तीर्थ स्तंभ से भुट्टों के चौराहे तक क्षतिग्रस्त रोड को ठीक करने के निर्देश पीडब्लयूडी अधिकारियों को दिए।

मो. हुसैन हत्याकांड के सात आरोपी बरी

बीकानेर, (कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या सात की पीठासीन अधिकारी रेणु सिंगला ने 11 साल पुराने बहुचर्चित मो. हुसैन हत्याकांड के सात आरोपियों को बरी कर दिया है। एक आरोपी फरार है और बाल अपचारी की बाल न्यायालय में अलग से सुनवाई चल रही है।

8 मार्च, 14 को पुरानी गिन्नाणी क्षेत्र में होटल किसन पैलेस के पास मोहम्मद हुसैन की तलवारों और अन्य धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। पंजाबगिरान निवासी हुसैन के भाई मो. रफीक की ओर से सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। तत्कालीन एसएचओ संजय बोथरा ने मामले की जांच की और आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सात आरोपी रासिद उर्फ रसीद उर्फ लाला, सुनील उर्फ बाबूलाल, रिंकू, जब्बार, बाबूलाल, पिल्ला नट और विक्की को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। सोनू उर्फ मो. इरफान जनवरी माह से तारीख पेश पर नहीं आया जो फरार है। उसके खिलाफ फैसला पेंडिंग रखा गया है। इसके अलावा बाल अपचारी के विरूद्ध बाल न्यायालय में सुनवाई चल रही है। बरी आरोपियों की ओर से वकील मुमताज अली, बिहारी सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, रामेश्वर बिश्नोई और रामरतन गोदारा ने पैरवी की।

पशुपालन विभाग के 30 कर्मचारियों के निलंबन का विरोध

- महासंघ 24 मार्च से आंदोलन शुरू करेगा, 26 से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का बहिष्कार

हनुमानगढ़,(कासं) पशुपालन विभाग के 30 कर्मचारियों के निलंबन के विरोध में महासंघ ने 24 मार्च से आंदोलन का ऐलान किया है।

राजस्थान में पशुपालन विभाग के 30 कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का विरोध शुरू हो गया है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने 24 मार्च से आंदोलन का ऐलान किया है। जिला अध्यक्ष चंद्रभान ज्याणी के अनुसार पिछले कुछ महीनों में पशुपालन विभाग के 30 से अधिक कर्मचारियों को बिना कारण निलंबित कर दिया गया। कर्मचारी संघ ने कई बार विरोध दर्ज करवाया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महासंघ ने चरणबद्ध आंदोलन की योजना बनाई है। पहले चरण में 24 मार्च को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। 25 मार्च से सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। अगर मांगें नहीं मानी गई तो 26 मार्च से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया जायेगा। महासंघ के जिला मंत्री रामनिवास ने कहा कि प्रदेश में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में निर्दोष कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रदेश के लाखों कर्मचारी मेहनत से काम कर रहे हैं। फिर भी उन पर ऐसी कार्रवाई की जा रही है। महासंघ ने कहा है कि आंदोलन से जनता का काम प्रभावित होता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बीकानेर। पशुपालन विभाग के निर्दोष कर्मचारियों के विरूद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाही से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि विगत कुछ माह से पशुपालन विभाग के कर्मचारियों पर लगातार दमनात्मक कार्रवाई करते हुए 30 से ज्यादा कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। पशुपालन कर्मचारी संघ के द्वारा सक्षम स्तर पर विरोध दर्ज करवाने के बावजूद तक निलंबित कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया। पशुपालन विभाग के शासन सचिव द्वारा मनमाने तरीके से निर्दोष कर्मचारियों के विरूद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में महासंघ के कार्यालय में आपात बैठक आयोजित की गई।